| |
|---|
| दिनांक 12.07.2026 |
| प्रेस विज्ञप्ति 373/2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अन्तर्गत वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 के अवसर पर किया गया वृक्षारोपण

**श्री राजीव कृष्ण,** पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा आज दिनांक **12.07.2026** को पुलिस मुख्यालय, गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ परिसर में **'एक पेड़ माँ के नाम'** अभियान की थीम पर आयोजित **'वृक्षारोपण महायज्ञ-2026'** के अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया।

मा0 मुख्यमंत्री **श्री योगी आदित्यनाथ जी** के आह्वान पर प्रदेश में दिनांक 12 जुलाई 2026 को एक ही दिन 35 करोड़ पौधारोपण का महाअभियान संचालित किया जा रहा है, इसी क्रम में **'एक पेड़ मां के नाम' वृक्षारोपण महायज्ञ 2026** के अंतर्गत उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा **एक ही दिन में 10 लाख पौधारोपण कर एक कीर्तिमान** स्थापित किया जा रहा है।

**पुलिस महानिदेशक उ0प्र0** द्वारा समस्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आह्वान किया गया कि वे उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के इस महायज्ञ में अपनी सक्रिय सहभागिता करते हुए इसे जन-आंदोलन का स्वरूप प्रदान करें। उन्होने **'एक पेड़ माँ के नाम'** थीम के अंतर्गत कम से कम एक पौधा लगाने एवं रोपित पौधे के संरक्षण का संकल्प लेने का भी सभी से आह्वान किया।

इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक मुख्यालय, पुलिस महानिदेशक रेलवे, पुलिस महानिदेशक आर्थिक अपराध शाखा उ0प्र0, अपर पुलिस महानिदेशक कानून-व्यवस्था, अपर पुलिस महानिदेशक लॉजिस्टिक, अपर पुलिस महानिदेशक मानवाधिकार, अपर पुलिस महानिदेशक अपराध/यातायात, अपर पुलिस महानिदेशक फायर सर्विस, अपर पुलिस महानिदेशक प्रशासन/कार्मिक सहित पुलिस मुख्यालय के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा मुख्यालय के परिसर में वृक्षारोपण किया गया।




श्री राजीव कृष्णा
पुलिस महानिदेशक
(उत्तर प्रदेश)


पानी
श्री अमिताभ यश
अपर पुलिस महानिदेशक,
कानून एवं व्यवस्था
(उत्तर प्रदेश)


पानी
श्री अमिताभ यश
अपर पुलिस महानिदेशक,
कानून एवं व्यवस्था
(उत्तर प्रदेश)

| |
|---|
| दिनांक 12.07.2026 |
| प्रेस विज्ञप्ति 374/2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

<u>कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर/थाना सूरजपुर</u>

- **लूट की घटना का अनावरण**
- **पुलिस कार्यवाही में 04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के पीली–सफेद धातु के आभूषण एवं 02 घड़ी**
- **लूट के 14 हजार 275 :पये नगद एवं विभिन्न देशो के विदेशी मुद्रा**
- **04 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **घटना में प्रयुक्त 01 चार पहिया वाहन आदि बरामद**

दिनांक 12-07-2026 को थाना सूरजपुर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर सूरजपुर वेटलैंड की ओर स्थित जंगल में बदमाशों की घेराबन्दी की गई तो बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–वीरपाल 2–विजयपाल घायल हो गये, जिन्हे अभियुक्त 3–अर्जुन 4–अवधेश सहित गिरफ्तार कर लूट की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट के पीली–सफेद धातु के आभूषण एवं 02 घड़ी, लूट के 14 हजार 275 :पये नगद एवं विभिन्न देशो के विदेशी मुद्रा, 04 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, घटना में प्रयुक्त 01 चार पहिया वाहन आदि बरामद हुए। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 04/05-07-2026 की रात्रि थाना सूरजपुर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना सूरजपुर पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण, रूपया आदि लूट की घटना से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त वीरपाल के

विरूद्ध जनपद कासगंज के विभिन्न थानो में चोरी, धोखाधड़ी, गैंगेस्टर एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 15 अभियोग, अभियुक्त विजयपाल के विरूद्ध जनपद कासगंज के विभिन्न थानो में चोरी आदि के 04 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना सूरजपुर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–वीरपाल निवासी मानपुर नगरिया थाना सोरों जनपद कासगंज, वर्तमान पता कस्बा व थाना सूरजपुर कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

2–विजयपाल निवासी मौजमपुर थाना सोरों जनपद कासगंज, वर्तमान पता कस्बा व थाना सूरजपुर कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

3–अर्जुन निवासी मानपुर नगरिया थाना सोरों जनपद कासगंज, वर्तमान पता कस्बा व थाना सूरजपुर कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

4–अवधेश निवासी मानपुर नगरिया थाना सोरों जनपद कासगंज, वर्तमान पता कस्बा व थाना सूरजपुर कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

**बरामदगी**

1–लूट के पीली–सफेद धातु के आभूषण एवं 02 घड़ी।

2–लूट के 14 हजार 275 :पये नगद एवं विभिन्न देशो के विदेशी मुद्रा।

3–04 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

4–घटना में प्रयुक्त 01 चार पहिया वाहन आदि।

**जनपद चन्दौली/थाना अलीनगर**

- **04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 22 लाख 50 हजार रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 90 किलोग्राम अवैध गांजा**
- **01 डीसीएम, 01 क्रेटा कार बरामद**

दिनांक 12-07-2026 को थाना अलीनगर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पचपेड़वा अंडरपास रेवसा के पास रिंग रोड पर चेकिंग के दौरान 04 अभियुक्तों

1–काशीराम 2–मनोज कुमार 3–ज्ञानेन्द्र कुमार 4–सुशान्त कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 22 लाख 50 हजार रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 90 किलोग्राम अवैध गांजा, 01 डीसीएम, 01 क्रेटा कार बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना अलीनगर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–काशीराम निवासी सोनारी थाना नौहर जनपद हनुमानगढ़ राजस्थान।

2–मनोज कुमार निवासी भीखनपुर धेवई थाना मेहन्दिया जनपद अरवल बिहार।

3–ज्ञानेन्द्र कुमार निवासी ज्योनती थाना कंझावाला जनपद रोहिणी दिल्ली।

4–सुशान्त कुमार निवासी ग्राम बोट्टाबहाली थाना गोछापूडा जनपद कन्धमाल ओडिशा।

**बरामदगी**

1–लगभग 22 लाख 50 हजार रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 90 किलोग्राम अवैध गांजा।

2–01 डीसीएम, 01 क्रेटा कार।

————————